जनपद बाराबंकी

प्रेसनोट सं0-01 **दिनांक-10.01.2025**

स्वाट/सर्विलांस सेल, जनपद बाराबंकी की मोबाइल रिकवरी टीम को बड़ी सफलता, वर्ष-2024 से अब तक कुल 365 अदद खोए हुए मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख 50 हजार रुपये) को किया गया बरामद-

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी करने हेतु प्रभारी सर्विलांस सेल निरीक्षक श्री बृजेश कुमार यादव के नेतृत्व में एक मोबाइल रिकवरी टीम का गठन कर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में आज दिनांक- 10.01.2025 को मोबाइल रिकवरी टीम द्वारा कठिन परिश्रम करते हुए 110 अदद एंड्रायड मोबाइल फोन को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई। बरामद किए गए मोबाइल फोन की अनुमानित कुल कीमत लगभग 15,50,000/- रुपये (पन्द्रह लाख पचास हजार रूपए) है। उल्लेखनीय है कि मोबाइल रिकवरी टीम द्वारा वर्ष-2024 से अब तक कुल 365 अदद खोए हुए मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख 50 हजार रुपये) को बरामद किया जा चुका है। बरामद मोबाइल फोन को पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा आज पुलिस लाइन सभागार में उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

पुलिस टीम-
सर्विलांस टीम-

1. निरीक्षक श्री बृजेश कुमार यादव प्रभारी सर्विलांस सेल
2. उ0नि0 श्री रामाधार पटेल
3. हे0का0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह, हे0का0 जितेन्द्र वर्मा
4. हे0का0 मजहर अहमद, हे0का0 जुबैर, हे0का0 चन्द्रभान
5. हे0का0 पवन गौतम, का0 शैलेन्द्र कुमार

स्वाट टीम-

1. उ0नि0 श्री अजय सिंह प्रभारी स्वाट टीम
2. उ0नि0 श्री संजीव कुमार यादव, उ0नि0 श्री अजीज़ुल हसन
3. हे0का0 बलवन्त सिंह, हे0का0 जितेन्द्र बहादुर सरोज
4. हे0का0 मुकेश यादव, हे0का0 अंगद गौड, हे0का0 सत्य प्रकाश यादव
5. का0 प्रवीण शुक्ल, का0 अभय कुमार, का0 अंकित तोमर
6. का0 अभिषेक राजवंशी, का0 नितिन कुमार